Roll No. | | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- Please check that this question paper contains **11** printed pages +1 Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# SOCIAL SCIENCE

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *Question paper comprises **five** sections – **A**, **B**, **C**, **D** and **E**. There are **32** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **16** are objective type questions (MCQs), carrying **1** mark each.*

*(iii)* ***Section B** – Questions no. **17** to **22** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(iv)* ***Section C** – Questions no. **23** to **26** are source based questions, carrying **4** marks each.*

*(v)* ***Section D** – Questions no. **27** to **31** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vi)* ***Section E** – Question no. **32** is map based, carrying **5** marks with two parts, **32(a)** from History (**2** marks) and **32(b)** from Geography (**3** marks).*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point; also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. **Only one of the choices** in such questions have to be attempted.*

*(ix)* *Attach **map** along with your answer-book.*

*(x)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

*(16×1=16)*

**1.** Which one of the following was ***not*** included in the 'Napoleonic Code' of 1804 ? *1*

(A) Privilege based on birth

(B) Abolished the feudal system

(C) Right to property

(D) Equality before law

**2.** Define the term 'Liberalism'. *1*

**3.** (a) Which of the following is ***not*** a part of the 'United Kingdom of Great Britain' ? *1*

(A) England

(B) Poland

(C) Scotland

(D) Ireland

**OR**

(b) Who among the following was proclaimed as the 'German Emperor' in 1871 ? *1*

(A) William I

(B) Otto von Bismarck

(C) Kaiser William

(D) Count Cavour

**4.** Which of the following is ***not*** a characteristic of 'Intensive Subsistence Farming' ? *1*

(A) This is practised in areas of high population.

(B) It is an example of labour-intensive farming.

(C) High doses of biochemical inputs are used.

(D) It is an example of commercial farming.

**5.** (a) Name any one 'rabi' crop. *1*

**OR**

(b) In which 'cropping season' are Jowar and Bajra crops grown in India ? *1*

**6.** Which one of the following factors does ***not*** affect industrial location ? *1*

(A) Raw material

(B) Labour

(C) Capital

(D) Rainfall

**7.** Match the following and select the correct option : *1*

| | *Sea Port* | | *State* |
|---|---|---|---|
| i. | Kandla | 1. | West Bengal |
| ii. | Tuticorin | 2. | Odisha |
| iii. | Paradwip | 3. | Tamil Nadu |
| iv. | Haldia | 4. | Gujarat |

**Options :**

| | **i** | **ii** | **iii** | **iv** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**8.** Which of the following is a source of 'mass communication' ? *1*

(A) Book

(B) Telephone

(C) Personal letter

(D) Parcel

**9.** Fill in the blank : *1*

59 percent of the total population of Belgium lives in the __________ region.

**10.** (a) Which of the following is a subject of the Union List ? *1*

(A) Defence

(B) Agriculture

(C) Trade

(D) Education

**OR**

(b) Which of the following is a subject of the State List ? *1*

(A) Currency

(B) Foreign Affairs

(C) Banking

(D) Commerce

**11.** Which one of the following types of government promotes equality among citizens ? *1*

(A) Democracy

(B) Dictatorship

(C) Autocracy

(D) Aristocracy

**12.** Study the table and answer the question given below : *1*

| EDUCATIONAL ACHIEVEMENT OF RURAL POPULATION OF UTTAR PRADESH | | |
|---|---|---|
| **Category** | **Male** | **Female** |
| Literacy rate for rural population | 76% | 54% |
| Literacy rate for rural children aged 10 – 14 years | 90% | 87% |
| Percentage of rural children aged 10 – 14 attending school | 85% | 82% |

In Uttar Pradesh what percentage of female children (girls) aged 10 – 14 years are not attending school ?

**13.** Which one of the following activities comes under 'Primary sector' ? *1*

(A) Mining
(B) Transport
(C) Education
(D) Storage

**14.** (a) The exchange of goods with a commodity is known as : *1*

(A) Double coincidence of wants
(B) Local trade
(C) Domestic trade
(D) Foreign trade

**OR**

(b) Which one of the following mediums of exchange is convenient ? *1*

(A) Money
(B) Commodity
(C) Gold
(D) Silver

**15.** Which of the following authorities of India issues currency notes on behalf of the Central Government ? *1*

(A) The State Bank of India
(B) The Reserve Bank of India
(C) The Allahabad Bank
(D) The Punjab National Bank

**16.** Which one of the following is a formal source of loan ? *1*

(A) Relatives
(B) Landlord
(C) Bank
(D) Friend

## SECTION B

*(6×3=18)*

**17.** (a) Describe the spirit of conservatism in European governments brought after the defeat of Napoleon in 1815. *3*

**OR**

(b) Describe the major outcomes of the French Revolution of 1789. *3*

**18.** How did the 'Greek War of Independence' contribute in mobilizing nationalist feeling among the educated elite across Europe ? Explain with examples. *3*

**19.** Why are manufacturing industries considered as the backbone of economic development of a country ? Explain. *3*

**20.** How did the Belgium government accommodate the social differences ? Explain with examples. *3*

**21.** (a) "Money in your pocket cannot buy all the goods and services that you may need to live well." Support the statement with example. *3*

**OR**

(b) "Different persons can have different developmental goals." Support the statement with example. *3*

**22.** How do the workers of organised sector receive the benefit of employment security ? Explain with examples. *3*

## SECTION C

*(4×4=16)*

**23.** Read the source given below and answer the questions that follow :

In February 1922, Mahatma Gandhi decided to withdraw the Non-Cooperation Movement. He felt the movement was turning violent in many places and satyagrahis needed to be properly trained before they would be ready for mass struggles. Within the Congress, some leaders were by now tired of mass struggles and wanted to participate in elections to the provincial councils that had been set up by the Government of India Act of 1919. They felt that it was important to oppose British policies within the councils, argue for reform and also demonstrate that these councils were not truly democratic. C.R. Das and Motilal Nehru formed the Swaraj Party within the Congress to argue for a return to council politics. But younger leaders like Jawaharlal Nehru and Subhas Chandra Bose pressed for more radical mass agitation and for full independence.

In such a situation of internal debate and dissension two factors again shaped Indian politics towards the late 1920s. The first was the effect of the worldwide economic depression. Agricultural prices began to fall from 1926 and collapsed after 1930. As the demand for agricultural goods fell and exports declined, peasants found it difficult to sell their harvests and pay their revenue. By 1930, the countryside was in turmoil.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option :

(23.1) When did the Non-Cooperation – Khilafat Movement begin ? *1*

(A) 1920

(B) 1921

(C) 1922

(D) 1918

(23.2) Why was the countryside in turmoil by 1930 ? *1*

(A) Increased production in agriculture

(B) Distress in countryside

(C) Decreased production in agriculture

(D) Worldwide economic depression

(23.3) Why did Mahatma Gandhi decide to withdraw the Non-Cooperation Movement in February 1922 ? *1*

(A) Due to Rowlatt Act

(B) Due to Simon Commission

(C) Due to Jallianwala Bagh Incident

(D) Due to Chauri-Chaura Incident

(23.4) Which leaders of the Congress Party wanted to participate in elections to the provincial councils ? *1*

(A) Jawaharlal Nehru and Subhas Chandra Bose

(B) C.R. Das and Motilal Nehru

(C) Bal Gangadhar Tilak and Bipin Chandra Pal

(D) Thakurdas and G.D. Birla

**24.** Read the source given below and answer the questions that follow :

Mining sites are abandoned after excavation work is complete leaving deep scars and traces of over-burdening. In states like Jharkhand, Chhattisgarh, Madhya Pradesh and Odisha, deforestation due to mining have caused severe land degradation. In states like Gujarat, Rajasthan, Madhya Pradesh and Maharashtra, overgrazing is one of the main reasons for land degradation. In the states of Punjab, Haryana, Western Uttar Pradesh, over-irrigation is responsible for land degradation due to water logging leading to increase in salinity and alkalinity in the soil. The mineral processing like grinding of limestone for cement industry and calcite and soapstone for ceramic industry generates huge quantity of dust in the atmosphere. It retards the process of infiltration of water into the soil after it settles down on the land. In recent years, industrial effluents as waste have become a major source of land and water pollution in many parts of the country.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option :

(24.1) In which one of the following states is overgrazing the main reason for 'land degradation' ? *1*

(A) Gujarat

(B) Himachal Pradesh

(C) Punjab

(D) Madhya Pradesh

(24.2) Which one of the following is a major source of water pollution ? *1*

(A) Rainfall

(B) Landslide

(C) Over-irrigation

(D) Industrial waste

(24.3) Why is 'over-irrigation' responsible for land degradation ? *1*

(A) Increases the salinity of soil

(B) Decreases the water absorption capacity of soil

(C) Increases landslides

(D) Decreases the fertility of soil

(24.4) Which one of the following is the main reason of 'land degradation' in Jharkhand ? *1*

(A) Overgrazing

(B) Over-irrigation

(C) Industrial waste

(D) Mining

**25.** Read the source given below and answer the questions that follow :

Democracies that follow a federal system all over the world tend to have two kinds of political parties : parties that are present in only one of the federal units and parties that are present in several or all units of the federation. This is the case in India as well. There are some countrywide parties, which are called 'national parties'. These parties have their units in various states. But by and large all these units follow the same policies, programmes and strategy that is decided at the national level.

Every party in the country has to register with the Election Commission. While the Commission treats all parties equally, it offers some special facilities to large and established parties. These parties are given a unique symbol — only the official candidates of that party can use that election symbol. Parties that get this privilege and some other special facilities are 'recognised' by the Election Commission for this purpose. That is why these parties are called, 'recognised political parties'. The Election Commission has laid down detailed criteria of the proportion of votes and seats that a party must get in order to be a recognised party. A party that secures at least 6 percent of the total votes in an election to the Legislative Assembly of a State and wins at least two seats is recognised as a State party. A party that secures at least six percent of total votes in Lok Sabha elections or Assembly elections in four States and wins at least four seats in the Lok Sabha is recognised as a National party.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option :

(25.1) Which one of the following is a National party ? *1*

(A) Bharatiya Janata Party

(B) Samajwadi Party

(C) Shiv Sena

(D) Shiromani Akali Dal

(25.2) Which of the following is ***not*** a regional party ? *1*

(A) Jharkhand Mukti Morcha

(B) Asom Gana Parishad

(C) Indian National Congress

(D) Dravida Munnetra Kazhagam

(25.3) Where does every political party have to register in India ? *1*

(A) Government of India

(B) NITI Aayog

(C) Election Commission

(D) Law Commisssion

(25.4) When a party that secures at least six percent of total votes in Lok Sabha elections or Assembly elections in four states and wins at least four seats of Lok Sabha, it is recognised as a : *1*

(A) Regional Party

(B) National Party

(C) Pressure Group

(D) Business Organisation

**26.** Read the source given below and answer the questions that follow :

We have seen that the liberalisation of foreign trade and investment in India was supported by some very powerful international organisations. These organisations say that all barriers to foreign trade and investment are harmful. There should be no barriers. Trade between countries should be 'free'. All countries in the world should liberalise their policies.

World Trade Organisation (WTO) is one such organisation whose aim is to liberalise international trade. Started at the initiative of the developed countries, WTO establishes rules regarding international trade, and sees that these rules are obeyed. 149 countries of the world are currently members of the WTO (2006).

Though WTO is supposed to allow free trade for all, in practice, it is seen that the developed countries have unfairly retained trade barriers. On the other hand, WTO rules have forced the developing countries to remove trade barriers. An example of this is the current debate on trade in agricultural products.

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option :

(26.1) Which among the following organisations establishes the rules regarding international trade ? *1*

(A) WHO
(B) WTO
(C) UPU
(D) IMF

(26.2) Which of the following is the aim of World Trade Organisation ? *1*

(A) To liberalise international trade
(B) To provide loans to the developing countries
(C) To help countries economically
(D) To resolve the political disputes between countries

(26.3) Which one of the following options defines 'Liberalisation' ? *1*

(A) Impose the tax on economic activities
(B) To set barriers by the government in the economic field
(C) To remove barriers set by the government
(D) Self-control on all economic activities

(26.4) Who among the following had initiated to start the World Trade Organization (WTO) ? *1*

(A) European Union
(B) Non-Aligned countries
(C) Developing countries
(D) Developed countries

## SECTION D

*(5×5=25)*

**27.** (a) Describe the economic impact of the First World War on India. *5*

**OR**

(b) Describe any two Satyagraha movements launched by Gandhiji just after his return to India from South Africa. *5*

**28.** "Under globalisation particularly after 1990, the farmers in India have been exposed to new challenges." Support the statement. *5*

**29.** "Federalism is a system of government in which the power is divided between a central authority and various constituent units of the country." Support the statement in reference to India. *5*

**30.** (a) How does democracy produce a harmonious social life ? Explain. *5*

**OR**

(b) How does democracy protect the dignity and freedom of citizens ? Explain. *5*

**31.** (a) "The use of money spans a very large part of our everyday life." Support the statement. *5*

**OR**

(b) "Credit pushes the borrower into situations from which recovery is very painful." Support the statement. *5*

## SECTION E

### (Map Skill-based question)

*(2+3=5)*

**32.** (a) Two places 'A' and 'B' are marked on the given political outline map of **India** (on page 12). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *2×1=2*

(A) The place where the Indian National Congress Session was held.

(B) The place where the Jallianwala Bagh incident occurred.

(b) Locate and label ***any three*** of the following with appropriate symbols on the same given political outline map of **India** : *3×1=3*

(i) Tarapur – Nuclear Power Plant

(ii) Indore – Cotton Textile Industry

(iii) Salem – Iron and Steel Plant

(iv) Noida – Software Technology Park

(v) Kolkata – International Airport

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 32. Attempt* ***any five*** *questions :* *5×1=5*

(32.1) Name the State where the Jallianwala Bagh incident occurred.

(32.2) Name the State where the Session of the Indian National Congress was held in December 1920.

(32.3) Name the State where the Tarapur Nuclear Power Plant is located.


(32.4) Name the State where the Indore Cotton Textile Industrial Centre is located.

(32.5) Name the State where the Salem Iron and Steel Plant is located.

(32.6) Name the State where Noida Software Technology Park is located.

(32.7) Name the State where Kolkata International Airport is located.

For question no. 32



**Set~1**

**Series Ұ2JLZ2/C**

कोड नं. **32/3/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# सामाजिक विज्ञान

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित किया गया है – **क, ख, ग, घ** और **ङ** । इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **32** है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **16** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **17** से **22** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **23** से **26** तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है ।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **27** से **31** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **32** मानचित्र आधारित है । यह प्रश्न **5** अंक का है जिसके दो भाग हैं – **32(a)** इतिहास से (**2** अंक) तथा **32(b)** भूगोल से (**3** अंक) ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिन्दुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix)* ***मानचित्र** को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए ।*

*(x)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

*(16×1=16)*

1. 1804 की 'नेपोलियन संहिता' में निम्नलिखित में से किसको शामिल ***नहीं*** किया गया था ? *1*
   - (A) जन्म पर आधारित विशेषाधिकार
   - (B) सामंती व्यवस्था को समाप्त करना
   - (C) संपत्ति का अधिकार
   - (D) क़ानून के समक्ष बराबरी

2. 'उदारवाद' शब्द को परिभाषित कीजिए । *1*

3. (a) निम्नलिखित में से कौन-सा 'यूनाइटेड किंग्डम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' का अंग ***नहीं*** है ? *1*
   - (A) इंग्लैंड
   - (B) पोलैंड
   - (C) स्कॉटलैंड
   - (D) आयरलैंड

   **अथवा**

   (b) निम्नलिखित में से किसे 1871 में 'जर्मन सम्राट' घोषित किया गया ? *1*
   - (A) विलियम प्रथम
   - (B) ऑटो वॉन बिस्मार्क
   - (C) काइज़र विलियम
   - (D) काउंट कावूर

4. निम्नलिखित में से कौन-सी 'गहन जीविका कृषि' की विशेषता ***नहीं*** है ? *1*
   - (A) यह अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में की जाती है ।
   - (B) यह श्रम-गहन कृषि का उदाहरण है ।
   - (C) इसमें अधिक मात्रा में जैव-रासायनिकों का प्रयोग किया जाता है ।
   - (D) यह वाणिज्यिक कृषि का एक उदाहरण है ।

5. (a) 'रबी' की किसी एक फ़सल का नाम लिखिए । *1*

   **अथवा**

   (b) भारत में ज्वार व बाजरा की फ़सलें किस 'शस्य ऋतु' में उगाई जाती हैं ? *1*

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक औद्योगिक अवस्थिति को प्रभावित करने वाला कारक ***नहीं*** है ? *1*
   - (A) कच्चा माल
   - (B) श्रमिक
   - (C) पूँजी
   - (D) वर्षा

**7.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनिए : *1*

| *समुद्री पत्तन* | *राज्य* |
|---|---|
| i. काँडला | 1. पश्चिम बंगाल |
| ii. तूतीकोरिन | 2. ओडिशा |
| iii. पारादीप | 3. तमिलनाडु |
| iv. हल्दिया | 4. गुजरात |

**विकल्प :**

| | **i** | **ii** | **iii** | **iv** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'जनसंचार' का एक साधन है ? *1*

(A) किताब

(B) दूरभाष

(C) निजी पत्र

(D) पार्सल

**9.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *1*

बेल्जियम की कुल आबादी का 59 प्रतिशत हिस्सा ____________ इलाक़े में रहता है ।

**10.** (a) निम्नलिखित में से कौन-सा संघ सूची का विषय है ? *1*

(A) रक्षा

(B) कृषि

(C) व्यापार

(D) शिक्षा

**अथवा**

(b) निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य सूची का विषय है ? *1*

(A) मुद्रा

(B) विदेशी मामले

(C) बैंकिंग

(D) वाणिज्य

**11.** निम्नलिखित में से किस शासन व्यवस्था में नागरिकों में समानता को बढ़ावा मिलता है ? *1*

(A) लोकतंत्र

(B) तानाशाही

(C) एकतंत्र

(D) कुलीनतंत्र

**12.** तालिका का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए : *1*

| उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनसंख्या की शैक्षिक उपलब्धि | | |
|---|---|---|
| **श्रेणी** | **पुरुष** | **महिला** |
| ग्रामीण जनसंख्या की साक्षरता दर | 76% | 54% |
| 10 – 14 वर्ष की आयु के ग्रामीण बच्चों में साक्षरता दर | 90% | 87% |
| 10 – 14 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले ग्रामीण बच्चों का प्रतिशत | 85% | 82% |

उत्तर प्रदेश में 10 से 14 वर्ष की आयु की कितनी प्रतिशत महिलाएँ (लड़कियाँ) स्कूल नहीं जा रही हैं ?

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप 'प्राथमिक क्षेत्रक' के अंतर्गत आता है ? *1*

(A) खनन

(B) परिवहन

(C) शिक्षा

(D) भण्डारण

**14.** (a) वस्तु के बदले वस्तु के विनिमय को कहते हैं : *1*

(A) आवश्यकताओं का दोहरा संयोग

(B) स्थानीय व्यापार

(C) घरेलू व्यापार

(D) विदेशी व्यापार

**अथवा**

(b) निम्नलिखित में से विनिमय का कौन-सा माध्यम सुविधाजनक है ? *1*

(A) मुद्रा

(B) वस्तु

(C) सोना

(D) चाँदी

**15.** भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा प्राधिकरण केन्द्र सरकार की तरफ से करेंसी नोट जारी करता है ? *1*

(A) भारतीय स्टेट बैंक

(B) भारतीय रिज़र्व बैंक

(C) इलाहाबाद बैंक

(D) पंजाब नेशनल बैंक

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा ऋण का औपचारिक स्रोत है ? *1*

(A) रिश्तेदार

(B) भूस्वामी

(C) बैंक

(D) मित्र

## खण्ड ख

*(6×3=18)*

**17.** (a) 1815 में नेपोलियन की हार के बाद यूरोपीय सरकारों में आई रूढ़िवादी भावनाओं का वर्णन कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) 1789 की फ्रांसीसी क्रांति के प्रमुख परिणामों का वर्णन कीजिए । *3*

**18.** 'यूनानी स्वतंत्रता संग्राम' ने किस प्रकार यूरोप के शिक्षित अभिजात वर्ग में राष्ट्रवादी भावना के संचार में योगदान दिया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3*

**19.** विनिर्माण उद्योग किसी देश के आर्थिक विकास की रीढ़ क्यों समझे जाते हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**20.** बेल्जियम सरकार ने सामाजिक भिन्नताओं का सामंजस्य किस प्रकार किया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3*

**21.** (a) "जेब में रखा रुपया वे सब वस्तुएँ एवं सेवाएँ खरीदने में सक्षम नहीं माना जा सकता, जिनकी आपको एक बेहतर जीवन के लिए आवश्यकता हो सकती है ।" इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) "अलग-अलग लोगों के विकासात्मक लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं ।" इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए । *3*

**22.** संगठित क्षेत्रक के कर्मचारियों को रोज़गार सुरक्षा के लाभ कैसे मिलते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3*

## खण्ड ग

*(4×4=16)*

**23.** नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

फरवरी 1922 में महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन वापस लेने का फ़ैसला कर लिया । उनको लगता था कि आंदोलन हिंसक होता जा रहा है और सत्याग्रहियों को व्यापक प्रशिक्षण की ज़रूरत है । काँग्रेस के कुछ नेता इस तरह के जनसंघर्षों से थक चुके थे । 1919 के गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट के तहत गठित की गई प्रांतीय परिषदों के चुनाव में हिस्सा लेना चाहते थे । उनको लगता था कि परिषदों में रहते हुए ब्रिटिश नीतियों का विरोध करना, सुधारों की वकालत करना और यह दिखाना भी महत्त्वपूर्ण है कि ये परिषदें लोकतांत्रिक संस्था नहीं हैं । सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू ने परिषद् राजनीति में वापस लौटने के लिए काँग्रेस के भीतर ही स्वराज पार्टी का गठन कर डाला । जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस जैसे युवा नेता ज़्यादा उग्र जनांदोलन और पूर्ण स्वतंत्रता के लिए दबाव बनाए हुए थे ।

आंतरिक बहस व असहमति के इस माहौल में दो ऐसे तत्त्व थे जिन्होंने बीस के दशक के आखिरी सालों में भारतीय राजनीति की रूपरेखा एक बार फिर बदल दी । पहला कारक था विश्वव्यापी आर्थिक मंदी का असर । 1926 से कृषि उत्पादों की क़ीमतें गिरने लगी थीं और 1930 के बाद तो पूरी तरह धराशायी हो गईं । कृषि उत्पादों की माँग गिरी और निर्यात कम होने लगा तो किसानों को अपनी उपज बेचना और लगान चुकाना भी भारी पड़ने लगा । 1930 तक ग्रामीण इलाक़े भारी उथल-पुथल से गुज़रने लगे थे ।

सर्वोचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(23.1) असहयोग – ख़िलाफ़त आंदोलन की शुरुआत कब हुई ? *1*

(A) 1920

(B) 1921

(C) 1922

(D) 1918

(23.2) 1930 तक ग्रामीण इलाक़े भारी उथल-पुथल से क्यों गुज़रने लगे थे ? *1*

(A) कृषि उत्पादन में वृद्धि

(B) ग्रामीण इलाक़ों में संकट

(C) कृषि उत्पादन में कमी

(D) विश्वव्यापी आर्थिक मंदी

(23.3) फरवरी 1922 में महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन वापस लेने का फ़ैसला क्यों किया ? *1*

(A) रॉलट एक्ट के कारण

(B) साइमन कमीशन के कारण

(C) जलियाँवाला बाग घटना के कारण

(D) चौरी-चौरा की घटना के कारण

(23.4) कॉंग्रेस पार्टी के कौन-से नेता प्रांतीय परिषदों के चुनावों में हिस्सा लेना चाहते थे ? *1*

(A) जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस

(B) सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू

(C) बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चन्द्र पाल

(D) ठाकुरदास और जी.डी. बिड़ला

**24.** नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

खनन के उपरांत खदानों वाले स्थानों को गहरी खाइयों और मलबे के साथ खुला छोड़ दिया जाता है । खनन के कारण झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा जैसे राज्यों में वनोन्मूलन भूमि निम्नीकरण का कारण बना है । गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में अति-पशुचारण भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है । पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में अधिक सिंचाई भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है । अति सिंचन से उत्पन्न जलाक्रांतता भी भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी है जिससे मृदा में लवणीयता और क्षारीयता बढ़ जाती है । खनिज प्रक्रियाएँ जैसे सीमेंट उद्योग में चूना पत्थर को पीसना और मृदा बर्तन उद्योग में चूने (खड़िया मृदा) और सेलखड़ी के प्रयोग से बहुत अधिक मात्रा में वायुमंडल में धूल विसर्जित होती है । जब इसकी परत भूमि पर जम जाती है तो मृदा की जल सोखने की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है । पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न भागों में औद्योगिक जल निकास से बाहर आने वाला अपशिष्ट पदार्थ भूमि और जल प्रदूषण का मुख्य स्रोत है ।

सर्वोचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(24.1) निम्नलिखित राज्यों में से किसमें अति-पशुचारण 'भूमि निम्नीकरण' का प्रमुख कारण है ? *1*

(A) गुजरात

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) पंजाब

(D) मध्य प्रदेश

(24.2) निम्नलिखित में से कौन-सा जल प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है ? *1*

(A) वर्षा

(B) भू-स्खलन

(C) अति सिंचाई

(D) औद्योगिक अपशिष्ट

(24.3) 'अति सिंचाई' भूमि निम्नीकरण के लिए क्यों उत्तरदायी है ? *1*

(A) इससे मृदा में लवणीयता बढ़ जाती है

(B) मृदा की जल सोखने की क्षमता कम हो जाती है

(C) भू-स्खलन को बढ़ावा मिलता है

(D) मृदा की उर्वरता घटती है

(24.4) झारखण्ड राज्य में 'भूमि निम्नीकरण' का प्रमुख कारण कौन-सा है ? *1*

(A) अति-पशुचारण

(B) अति सिंचाई

(C) औद्योगिक अपशिष्ट

(D) खनन

**25.** नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

विश्व के संघीय व्यवस्था वाले लोकतंत्रों में दो तरह के राजनीतिक दल हैं : संघीय इकाइयों में से सिर्फ़ एक इकाई में अस्तित्व रखने वाले दल और अनेक या संघ की सभी इकाइयों में अस्तित्व रखने वाले दल । भारत में भी यही स्थिति है । कई पार्टियाँ पूरे देश में फैली हुई हैं और उन्हें राष्ट्रीय पार्टी कहा जाता है । इन दलों की विभिन्न राज्यों में इकाइयाँ हैं । पर कुल मिलाकर देखें तो ये सारी इकाइयाँ राष्ट्रीय स्तर पर तय होने वाली नीतियों, कार्यक्रमों और रणनीतियों को ही मानती हैं ।

देश की हर पार्टी को चुनाव आयोग में अपना पंजीकरण कराना पड़ता है । आयोग सभी दलों को समान मानता है पर यह बड़े और स्थापित दलों को कुछ विशेष सुविधाएँ देता है । इन्हें अलग चुनाव चिह्न दिया जाता है जिसका प्रयोग पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार ही कर सकता है । इस विशेषाधिकार और कुछ अन्य लाभ पाने वाली पार्टियों को 'मान्यता प्राप्त' दल कहते हैं । चुनाव आयोग ने स्पष्ट नियम बनाए हैं कि कोई दल कितने प्रतिशत वोट और सीट जीतकर 'मान्यता प्राप्त' दल बन सकता है । जब कोई पार्टी राज्य विधानसभा के चुनाव में पड़े कुल मतों का 6 फ़ीसदी या उससे अधिक हासिल करती है और कम-से-कम दो सीटों पर जीत दर्ज़ करती है तो उसे अपने राज्य के राजनीतिक दल के रूप में मान्यता मिल जाती है । अगर कोई दल लोकसभा चुनाव में पड़े कुल वोट का अथवा चार राज्यों के विधानसभाई चुनाव में पड़े कुल वोटों का 6 प्रतिशत हासिल करता है और लोकसभा के चुनाव में कम-से-कम चार सीटों पर जीत दर्ज़ करता है तो उसे राष्ट्रीय दल की मान्यता मिलती है ।

सर्वोचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(25.1) निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय दल है ? *1*

(A) भारतीय जनता पार्टी

(B) समाजवादी पार्टी

(C) शिव सेना

(D) शिरोमणि अकाली दल

(25.2) निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्रीय दल ***नहीं*** है ? *1*

(A) झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

(B) असम गण परिषद्

(C) भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस

(D) द्रविड़ मुनेत्र कड़गम

(25.3) भारत में सभी राजनीतिक दलों को कहाँ पंजीकरण कराना पड़ता है ? *1*

(A) भारत सरकार

(B) नीति आयोग

(C) चुनाव आयोग

(D) विधि आयोग

(25.4) जब कोई दल लोक सभा चुनावों में पड़े कुल वोटों का अथवा चार राज्यों के विधान सभा चुनावों में पड़े कुल वोटों का कम-से-कम 6 प्रतिशत हासिल करता है और लोक सभा की कम-से-कम चार सीटों पर जीत दर्ज़ करता है, तो उस दल को मान्यता मिलती है : *1*

(A) क्षेत्रीय दल

(B) राष्ट्रीय दल

(C) दबाव समूह

(D) व्यावसायिक संगठन

**26.** नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हमने देखा कि कुछ बहुत प्रभावशाली अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों ने भारत में विदेश व्यापार एवं विदेशी निवेश के उदारीकरण का समर्थन किया । इन संगठनों का मानना है कि विदेश व्यापार और विदेशी निवेश पर सभी अवरोधक हानिकारक हैं । कोई अवरोधक नहीं होना चाहिए । देशों के बीच मुक्त व्यापार होना चाहिए । विश्व के सभी देशों को अपनी नीतियाँ उदार बनानी चाहिए ।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) एक ऐसा संगठन है, जिसका ध्येय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना है । विकसित देशों की पहल पर शुरू किया गया विश्व व्यापार संगठन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है और यह देखता है कि इन नियमों का पालन हो । वर्तमान में विश्व के 149 देश विश्व व्यापार संगठन (2006) के सदस्य हैं ।

यद्यपि विश्व व्यापार संगठन सभी देशों को मुक्त व्यापार की सुविधा देता है, परंतु व्यवहार में यह देखा गया है कि विकसित देशों ने अनुचित ढंग से व्यापार अवरोधकों को बरकरार रखा है । दूसरी ओर, विश्व व्यापार संगठन के नियमों ने विकासशील देशों के व्यापार अवरोधों को हटाने के लिए विवश किया है । इसका एक उदाहरण कृषि उत्पादों के व्यापार पर वर्तमान बहस है ।

सर्वोचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(26.1) निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित नियमों का निर्धारण करता है ? *1*

(A) डब्ल्यू.एच.ओ. (WHO)
(B) डब्ल्यू.टी.ओ. (WTO)
(C) यू.पी.यू. (UPU)
(D) आई.एम.एफ. (IMF)

(26.2) निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व व्यापार संगठन का उद्देश्य है ? *1*

(A) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना
(B) विकासशील देशों को ऋण प्रदान करना
(C) देशों की आर्थिक रूप से मदद करना
(D) देशों के बीच राजनीतिक विवादों को निपटाना

(26.3) निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा 'उदारीकरण' को परिभाषित करता है ? *1*

(A) आर्थिक गतिविधियों पर कर लगाना
(B) सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में अवरोधों को लगाने की प्रक्रिया
(C) सरकार द्वारा अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया
(D) सभी आर्थिक गतिविधियों को अपने नियंत्रण में रखना

(26.4) निम्नलिखित में से किसकी पहल पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) शुरू किया गया ? *1*

(A) यूरोपियन यूनियन
(B) गुटनिरपेक्ष देश
(C) विकासशील देश
(D) विकसित देश

## खण्ड घ (5×5=25)

**27.** (a) भारत पर प्रथम विश्व युद्ध के आर्थिक प्रभावों का वर्णन कीजिए । 5

**अथवा**

(b) दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के तुरन्त बाद ही गाँधीजी द्वारा किए गए किन्हीं दो सत्याग्रह आंदोलनों का वर्णन कीजिए । 5

**28.** "विशेष रूप से 1990 के बाद वैश्वीकरण के अंतर्गत, भारत के किसानों को कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ।" कथन की पुष्टि कीजिए । 5

**29.** "संघीय शासन व्यवस्था में सर्वोच्च सत्ता केंद्रीय प्राधिकार और उसकी विभिन्न आनुषांगिक इकाइयों के बीच बँट जाती है ।" भारत के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5

**30.** (a) लोकतंत्र किस प्रकार सद्भावपूर्ण सामाजिक जीवन उपलब्ध कराता है ? स्पष्ट कीजिए । 5

**अथवा**

(b) लोकतंत्र में किस प्रकार नागरिकों की गरिमा और आज़ादी की सुरक्षा होती है ? स्पष्ट कीजिए । 5

**31.** (a) "मुद्रा का इस्तेमाल हमारे रोजाना के जीवन का एक बहुत बड़ा हिस्सा है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5

**अथवा**

(b) "ऋण कर्ज़दार को ऐसी परिस्थितियों में धकेल देता है जहाँ से बाहर निकलना बहुत कष्टदायक होता है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5

## खण्ड ङ

### (मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न) *(2+3=5)*

**32.** (a) दो स्थान 'A' और 'B' दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 24 पर), में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

(B) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटित हुई ।

(b) इसी दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) तारापुर — आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(ii) इंदौर — सूती वस्त्र उद्योग

(iii) सेलम — लोहा एवं इस्पात संयंत्र

(iv) नोएडा — सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(v) कोलकाता — अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

*नोट :* *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 32 के स्थान पर हैं । **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :* *5×1=5*

(32.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग घटना घटित हुई ।

(32.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(32.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर आण्विक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(32.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ इंदौर सूती वस्त्र औद्योगिक केन्द्र स्थित है ।

(32.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सेलम लोहा एवं इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(32.6) उस राज्य का नाम लिखिए जिसमें नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है ।

(32.7) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कोलकाता अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है ।

प्रश्न सं. 32 के लिए

